कार्यालय जिला पंचायत शिवपुरी म0प्र0

विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रं0 3389 श्री के0पी0सिंह
(परिशिष्ट "अ")

संशोधित

क्रं0	विधानसभा क्षेत्र	ग्रामीण खेल मैदान (स्टेडियम का नाम/ज0पं0)	कार्य की लागत	स्वीकृत वर्ष	कार्य की स्थिति	शिवपुरी जिले के अपूर्ण स्टेडियम की पूर्ण जानकारी
1	पोहरी	मचाखुर्द पोहरी	80.00	2015–16	पूर्ण	–
2	कोलारस	खतौरा बदरवारा	80.00	2016–17	पूर्ण	–
3	करैरा	श्योपुरा करैरा	80.00	2016–17	पूर्ण	–
4	शिवपुरी	खोड़ पिछोर	80.00	2016–17	अपूर्ण	ग्राम खोड़ में स्टेडियम निर्माण कार्य के मानक प्राक्कलन अनुसार स्वीकृति राशि रू. 80.00 लाख का कार्य पूर्ण किया जा चुका है स्थल पहाडी के ऊपर हार्ड रॉक होने से ग्राउण्ड समतलीयकरण में मिटटी की अधिक फिलिंग करनी पडी तथा पूर्व स्वीकृत प्राक्कलन में जीएसटी का प्रावधान न होने से एवं टेण्डर दर 0.90 प्रतिशत अधिक आने के कारण कार्य की लागत में वृद्धि हुई है कार्य की पुनरीक्षित तक0 स्वी0 क्रं0 640 दि0 17.02.2020 से राशि रू. 121.00 लाख की जारी की गई। पुनरीक्षित प्राक्कलन अनुसार अतिरिक्त राशि की स्वीकृति हेतु मान0 कलेक्टर महोदय जिला शिवपुरी का अर्द्धशासकीय पत्र क्रं0 3590 दि. 28.12.2020 से संचालक पंचायत राज संचालनालय म0प्र0 भोपाल को प्रेषित किया गया है। पत्र संलग्न है। पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति अनुसार राशि उपलब्धता के अभाव में कार्य अपूर्ण है। पंचायत राज संचालनालय म.प्र. भोपाल के पत्र क्र./पं.राज/निर्माण/479/2021 /2534 दिनांक 23.02.2021 के अनुसार 13वें वित्त आयोग की समयावधि 31 मार्च 2015 को समाप्त होने से इस मद में एवं संचालनालय स्तर पर बजट अभाव के कारण राशि की उपलब्धता न होने के कारण पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति अनुसार अतिरिक्त राशि संचालनालय स्तर से जारी की जाना संभव नहीं है। माननीय मंत्री, खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मध्यप्रदेश एवं विधायक विधानसभा क्षेत्र शिवपुरी से पत्र क्र. 910 दिनांक 23.02.2021 द्वारा स्वीकृत स्टेडियम कार्य पूर्ण कराने हेतु विधायक निधि से राशि प्रदाय करने हेतु अनुरोध किया है। अतः विधायक निधि अथवा जिला स्तर पर अन्य संभावित वैकल्पिक मद में राशि उपलब्ध होने पर पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति अनुसार स्वीकृति जारी की जा सकेगी।

क्र0	विधानसभा क्षेत्र	ग्रामीण खेल मैदान (स्टेडियम का नाम/ज0पं0)	कार्य की लागत	स्वीकृत वर्ष	कार्य की स्थिति	शिवपुरी जिले के अपूर्ण स्टेडियम की पूर्ण जानकारी
5	पिछोर	सिलपुरा खनियाधाना	80.00	2016–17	अपूर्ण	ग्राम सिलपुरा स्टेडियम निर्माण कार्य के मानक प्राक्कलन अनुसार स्वीकृत राशि रू. 80.00 लाख का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। खेल मैदान हेतु आवंटित भूमि में एक तरफ पहाड़ी दूसरी ओर नाला होने से लगभग 300मी0 लम्बाई में कर्टेनबाल, पहाड़ी की कटिंग कर अतिरिक्त भराव करना पड़ा। स्टेडियम के सामने बारिश का पानी अधिक मात्रा में एकत्रित होने से नाली, पुलिया एवं सी.सी. रोड बनाया जाना आवश्यक था। माननीय विधायक विधानसभा पिछोर के पत्र क्र. 1003 दिनांक 12.09.2018 से प्रेषित प्रस्ताव अनुसार स्वीकृत खेल मैदान को क्रिकेट मैदान के माप दण्ड अनुसार परिवर्तित किये जाने के प्रस्ताव अनुसार खेल मैदान का क्षेत्रफल 18055 वर्गमी0 से बढ़कर 28180 वर्गमी0 होने से, बाउण्ड्रीवाल की लंबाई 580मी0 के स्थान पर 620मी0 होने से, पेवलियन की बैठक क्षमता बढ़ाकर 5000 व्यक्ति होने के कारण पवेलियन 12मी0 के स्थान पर 30मी0 होने से तथा महिला एवं पुरूष शौचालय पृथक–पृथक निर्माण कराये जाने को प्रस्ताव अनुसार प्राक्कलित किया गया। उक्त सभी प्रावधान अनुसार पुनरीक्षित प्राक्कलन तैयार कर पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति कं0 169 दिं0 07.06.2019 से राशि रू. 195.42 लाख की जारी कर कार्यालयीन पत्र कं0 747 दिं0 07.06.19 से प्रमुख अभियंता ग्रायांसे भोपाल को पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया। पंचायत राज संचालनालय म0प्र0 भोपाल द्वारा आदेश कं0 17749 दिं0 20.12.2019 से सरल कं0 14 पर सिलपुरा की प्रशासकीय स्वीकृति राशि रू 107.18 लाख की जारी की गई थी। पंचायत राज संचालनालय म.प्र. भोपाल के पत्र क्र./पं.राज/निर्माण/479/2021 /2534 दिनांक 23.02.2021 के अनुसार 13वें वित्त आयोग की समयावधि 31 मार्च 2015 को समाप्त होने से इस मद में एवं संचालनालय स्तर पर बजट अभाव के कारण राशि की उपलब्धता न होने के कारण पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति अनुसार अतिरिक्त राशि संचालनालय स्तर से जारी की जाना संभव नहीं है। माननीय विधायक विधानसभा क्षेत्र पिछोर से पत्र क्र. 912 दिनांक 23.02.2021 द्वारा स्वीकृत स्टेडियम कार्य पूर्ण कराने हेतु विधायक निधि से राशि प्रदाय करने हेतु अनुरोध किया है। अतः विधायक निधि अथवा जिला स्तर पर अन्य संभावित वैकल्पिक मद में राशि उपलब्ध होने पर पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति अनुसार स्वीकृति जारी की जा सकेगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत शिवपुरी म0प्र0